# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–23 मई 2025 सान्ध्य समाचार

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम हमले का जवाब है और आज दुनिया भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा कर रही है। सरकार की मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति और खूफिया एजेंसियों की अचूक सूचना तथा सशस्त्र बलों द्वारा घातक कार्रवाई के कारण यह संभव हुआ है। नई दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बातें कहीं।

***ऑपरेशन सिंदूर अपनी भूमि पर हुए टेरर हमलों के जवाब के इतिहास में सबसे सटीक और सभी उद्देश्यों को पूर्ति करने वाला ऑपरेशन था और इस सटीक ऑपरेशन का न केवल भारत पूरी दुनिया के एक्सपर्ट्स पूरी–पूरी प्रशंसा कर रहे हैं। सेना के संयम की भी प्रशंसा हो रही है कि हमने केवल आतंकी अड्डों और उनके एयरबेस को ही टारगेट किया।***

गृह मंत्री ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ भारत की सीमाओं की रक्षा में बीएसएफ की भूमिका की भी सराहना की।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में आज हम परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***पंजाब की लुधियाना जिले में जन्मे फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सिक्खों को जून 1967 में भारतीय वायुसेना में नियुक्ति मिली। वे घाटी की हवाई रक्षा के लिए श्रीनगर स्थित नेट टुकड़ी में पायलट थे। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयर फील्ड पर 6 पाकिस्तान से सेवरजेट विमानों के एक समूह ने हमला किया। दुश्मन की विमान के ऊपर से उड़ान भरने की कोशिश करना जानलेवा खतरे को आमंत्रित करना था लेकिन, फ्लाइंग ऑफिसर सिक्खो ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने नेट को उड़ाकर दो हमलावरों को उलझा दिया। उनके विमान पर आक्रमण में वे शहीद हो गए। फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिक्खो को सर्वोच्च वीरता, उड़ान कौशल और बलिदान के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में चलाये जा रहे भारत शौर्य तिरंगा यात्रा अभियान का क्रम प्रदेश भर में जारी है। आज भी प्रदेश के कई जिलों में पूरे जोश के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित की। भारत माता के जयकारें और वन्देमातरम के उद्घोष के साथ अमरोहा जिले में तिरंगा यात्रा निकाल कर भारतीय सेना के जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गयी। बदायूं जिले में भी आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या धाम में श्री हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने डबल स्पीड से चल कर अयोध्या धाम को उसका गौरव प्रदान करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने श्रीराममंदिर निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने मंदिर निर्माण आंदोलन के प्रमुख ब्रह्मलीन संतों और दिवंगत नेताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी पवित्र आत्माएं जहां कहीं भी होंगी, श्री अयोध्या धाम के वैभव को देख कर निश्चित ही उन्हें संतुष्टि का अनुभव हो रहा होगा।

**********

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई दो हजार पचीस से पहले अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी कुशीनगर के जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार असाधारण बहादुरी के साथ किए गए निःस्वार्थ कार्य, असाधारण क्षमता और उत्कृष्ट उपलब्धि वाले अठारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को दिया जाता है।

**********

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल–दो हजार पचीस के लीग मुकाबले के अन्तर्गत आज रायल चैलेंजर्स बैंगलुरू और सनराइजर्स हैदराबाद के टीमों के बीच मैच खेला जायेगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा। पहले इस मैच का आयोजन बैंगलुरू में होना था लेकिन वहां का मौसम खराब होने के कारण इसे लखनऊ के स्टेडियम में कराने का निर्णय लिया गया है।

**********

बीते तीन दिन में गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में हुयी हल्की वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। इसके चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आज भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकाशं जिलों में आसमान में बादल छाये हुए हैं और हल्की से मध्यम हवा चल रही है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी भी बनी हुयी है। इसके कारण अगले दो से तीन दिनों में कुछ जिलों के कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर गरज–चमक के बीच वर्षा का पूर्वानुमान है।

**********